दिनांक 10.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम सभागार में निगम आयुक्त के0एल0 चौहान, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव की उपस्थिति में निगम पार्षद, एल्डरमेन एवं लोक सुराज अभियान से जुड़े सभी जोन आयुक्त की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में शासन के मार्गदर्शन अनुसार नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा लोक सुराज अभियान को सफल बनाने के संबंध में आयुक्त महोदय द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। निगम आयुक्त के द्वारा मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में शिविर के सफल संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी के साथ निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को संलग्न करने का आदेश जारी किया गया है।

12,13 एवं 14 जनवरी 2018 से लोक सुराज अभियान 2018 लक्ष्य समाधान के अंतर्गत शत् प्रतिशत अभियान को सफल बनाने के लिए अभियान के दौरान की जाने वाली गतिविधियां और आवश्यक कार्यवाही की जानकारी से भली भांति निगम आयुक्त द्वारा उपस्थित पार्षद एवं नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया। उपस्थित पार्षदों ने अपने–अपने सुझाव व्यक्त किये। निगम आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के सफल आयोजन किये जाने के संबंध में मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी के साथ कर्मचारी संलग्न किया गया है दिये गये निर्देश के अनुसार वार्ड के नागरिकों के लिए आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में स्थान, समय का भी चयन किया गया है।

निगम आयुक्त ने बताया कि एक आवेदन में एक ही विषय से संबंधित आवेदन लिया जायेगा। जिससे संबंधित विभाग में आवेदन प्रेषित कर वास्तविक निराकरण किया जा सकेगा। अलग–अलग विषय के लिए अलग–अलग आवेदन लिया जायेगा। आवेदन संकलन शिविर में आवेदक से शान्तिपूर्ण व्यवहार रखने की अपील की गई है, साथ ही संबंधित आवेदन में लगने वाली आवश्यक दस्तावेज की जानकारी देने और संलग्न कर आवेदन लेने कहा गया है। जिससे आमजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। आयुक्त ने लोक सुराज अभियान के माध्यम से आमजनों की समस्याओं और मांगों की पूर्ति की दिशा में महत्वकांक्षी पहल बताते हुए सभी नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जवाबदारी पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये गयें है।

आवेदन संकलन एवं समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों की भूमिका और की जाने वाली कार्यवाही की जानकारी दी गई। आयुक्त के0एल0 चौहान ने कहा कि लोक सुराज अभियान का उद्देश्य आम आदमी को शासन की महत्वाकांक्षी सेवा, योजना और कार्यक्रमों से लाभान्वित करना है। अभियान का उद्देश्य केवल आवेदन का संकलन करना ही नहीं है अपितु पात्र और जरुरतमंद लोगों को लाभान्वित करना है। उन्होने कहा कि अभियान को सफल बनाने में पार्षदों की भूमिका महत्वपूर्ण है। अभियान में नियुक्त सभी अधिकारियों को जवाबदारी पूर्वक कार्य करने निर्देशित किया है।

प्रथम चरण– आवेदन संकलन शिविर 12,13 एवं 14 जनवरी को आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में आवेदन 12,13 तथा 14 जनवरी 2018 को 3 दिनों तक नगर निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। सभी कार्यालयों के

साथ ही आवेदन संकलन शिविर पर समाधान पेटी भी रखा जायेगा। कोई आवेदक तीन प्रकार से आवेदन कर सकतें हैं समाधान पेटी में अपना आवेदन भरकर जमा कर सकतें है। इसके अलावा ऑनलाईन माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है।

जन सम्पर्क अधिकारी